## न्यूज गैलरी

### सिल्ली पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस मनाया गया, पौधा भेंट कर शिक्षकों को किया सम्मानित



**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर विष्णु ब्रोतो चट्टोपाध्याय, प्राचार्य समीर शर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने डॉक सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आयोजन को यादगार बनाया। सिल्ली पॉलिटेक्निक के पुर्व छात्र व रांची स्थित बेबी प्लांट के निदेशक? सौरव कुमार ने उपहार स्वरूप पौधा भेंट कर शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही प्रकृति के लिए वृक्षारोपण की महत्व को बताते हुए वृक्षारोपण के लिए आग्रह किया। वहीं उन्होंने अपने स्टार्टअप में मिले सफलता पर कालेज के शिक्षकों का आभार जताया। इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ करमा पर्व संपन्न



**सिल्ली।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को प्रकृति का पर्व करमा श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । घर आंगन में करम डाली स्थापना कर भक्ति भाव से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर बहनों ने भाई के सुख समृद्धि एवं प्यार को अक्षुण्ण रखने के लिए निर्जला उपवास रख कर करम डाल की पूजा की और करम डाल में धागे बांधकर अपने भाइयों को द्दघायु होने की कामना की। तत पश्चात भाई के माथे पर तिलक चंदन लगाकर कलाई में धागा बांधा एवं प्रसाद का वितरण किया । पर्व को लेकर क्षेत्र में दिन भर चहल पहर रही। वहीं करमा के उपलक्ष में जगह जगह रात भर गीत संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व है करमा : संजय प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** घर गांव से निकल ग्रामीण भाई जंगल जाकर करम की डाली लेकर वापस लौटे। ग्रामीण भाई- बहनों ने अपने गांव से पूर्व करम खेलवा में नृत्य संगीत के साथ करम एवं करम डाली लेने गए भाइयों का स्वागत करते हुए अखरा तक लाकर करम डाली को पारम्परिक रीति से स्थापित किया। मांडर में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नृत्य संगीत करते थाना परिसर स्थित जतरा टांड की परिक्रमा करने के बाद करम डाली लाने वालों के स्वागत में निकले। मांडर के सरना महिला पुरुष को संबोधित करते हुए डीजे के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद ने कहा कि भाई-बहन के पवित्र प्रेम एवं प्रकृति प्रेम का पर्व करमा बिहार,झारखंड,उड़ीसा,असम सहित अन्य राज्यों में प्रमुखता से मनाया जाता है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी तिथि को हर साल यह पर्व मनाया जाता है।करमा पूजा भाई-बहन के स्नेह और प्रेम की निशानी के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व 3 दिनो का है, महिलाएं निर्जला



उपवास करती हैं और शाम को आंगन में करम पौधे की डाली गाड़कर पूजा करती हैं। करमा पर्व क्या है और क्यों मनाया जाता है? इसके पीछे की पौराणिक कथाओं के अनुसार करम और धरमा नामक दो भाइयों ने अपनी बहन की रक्षा के लिए जान को दांव पर लगा दिया था। दोनों भाई गरीब थे और उनकी बहन भगवान से हमेशा सुख-समृद्धि की कामना करते हुए तप करती थी। बहन के तप के बल पर ही दोनों भाइयों के घर में सुख-समृद्धि आई थी। इस एहसान के फलस्वरूप दोनों भाइयों ने दुश्मनों से बहन की रक्षा करने के लिए जान तक गंवा दी थी। इसी के बाद से इस पर्व को मनाने की परंपरा शुरू हुई। इसके अलावा इस पर्व से जुड़ी एक और कहानी है एक बार कर्मा परदेस गया और वहीं जाकर व्यापार में रम गया। बहुत दिनों बाद जब वह घर लौटा तो उसने देखा कि उसका छोटा भाई धर्मा करमडाली की पूजा में लीन है। धर्मा ने बड़े भाई के लौटने पर कोई खुशी नहीं जताई और पूजा में ही लीन रहा। इस पर कर्मा गुस्?सा गया और पूजा के सामान को फेंककर झगड़ा करने लगा। धर्मा चुपचाप सहता रहा। वक्त के

> ■ करमा और धरमा नामक दो भाइयों ने अपनी बहन की रक्षा के लिए जान को दांव पर लगा दिया था। दोनों भाई गरीब थे और उनकी बहन भगवान से हमेशा सुख-समृद्धि की कामना करते हुए तप करती थी।

साथ कर्मा की सुख-समृद्धि खत्म हो गई। आखिरकार धर्मा को दया आ गई और उसने अपनी बहन के साथ देवता से प्रार्थना की कि भाई को क्षमा कर दिया जाए। एक रात कर्मा को देवता ने स्वप्न में करमडाली की पूजा करने को कहा।कर्मा ने वहीं किया और सुख-समृद्धि लौट आई। इन्हीं कथाओं एवं सत्यनारायण भगवान की पूजा अर्चना के बाद लोक रात भर लोक नृत्य से पूरा क्षेत्र करममय रहता है।कई गांवों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। मांडर के कार्यक्रम में सुका पाहन, उमेश उरांव, चंदर उरांव, मंगरा उरांव, मतु उरांव, ललित उरांव सहित काफी संख्या में स्त्री पुरुष एवं युवा शामिल थे।

## वार्ड सदस्य संघ ओरमांझी प्रखंड का विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** ओरमांझी प्रखंड वार्ड सदस्य संघ का विस्तार प्रखंड अध्यक्ष सत्यम कुमार ने मंगलवार को किया है। प्रखंड कमेटी का विस्तार करने के दौरान प्रखंड अध्यक्ष सत्यम कुमार ने कहा कि प्रखंड के चप्पे-चप्पे पर भ्रष्टाचार पूरी तरह चरम पर पहुंच गया है। इस भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए वार्ड सदस्य संघ मील का पत्थर साबित होगा और हार विभाग से भ्रष्टाचार को खत्म करने का प्रयास रहेगा। जब तक भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं कर लेंगे तब तक वार्ड सदस्य संघ ओरमांझी प्रखंड चुप नहीं बैठेगा। भ्रष्टाचार में संलिप्त अगर कोई जनप्रतिनिधि भी शामिल होगा तो उसके खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा। कमेटी विस्तार करने के बाद ओरमांझी प्रखंड वार्ड सदस्य संघ का संरक्षक आबिद अंसारी, रीता देवी, मुमताज आलम, माना देवी, जेठू मुंडा, अध्यक्ष सत्यम कुमार, उपाध्यक्ष करमू पाहन, यमुना देवी, वरुण कुमार महतो, सरस्वती देवी, नासिर खान, महासचिव सोना लाल महतो, उप महासचिव पिंकी रानी, सचिव मोनिका कुमारी, सुरेश लोहरा, रूमी देवी, मगन मुंडा, महेंद्र महतो, उपसचिव सुनामी देवी, संजीव मुंडा, कंचन देवी, जावेद अंसारी, अजय पाहन, कोषाध्यक्ष रणधीर कुमार, उप कोषाध्यक्ष राजेश बेदिया, मीडिया प्रभारी अजय मुंडा, सह प्रभारी मिथुन मुंडा, सोशल मीडिया प्रभारी पवन कुमार महतो, सह प्रभारी ज्योति कुमारी, कार्यसमिति सदस्य अफजाल अंसारी, सुनीता देवी, लीला देवी, अनिता कुमारी, निशा टोप्पो, शंकर मुंडा, शहजादा खातून, सरिता कुमारी, अंबरी खातून, अजय उरांव, बालमति देवी, अनीता देवी, संजना कुमारी, जगन्नाथ बेदिया, छोटी देवी, विमला देवी, आरती देवी, किरण देवी, लाडो खातून, देवंती देवी, सचिन करमाली और भुज्जू मुंडा शामिल हैं। इसकी जानकारी प्रखंड अध्यक्ष सत्यम कुमार ने दी।

## हंसराज उच्च विद्यालय में मनाया शिक्षक दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** हंसराज बाधवा राजकीयकृत$2 उच्च विद्यालय नामकुम में शिक्षक दिवस पर मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से स्कूल से कर्नल शशिभूषण कुमार को स्कूली शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। कर्नल ने कहा कि वे 1983 मे इसी विद्यालय से मेट्रिक की परीक्षा पास की थी। और इस मुकाम



पर हूँ। उन्होंने छात्रो से कहा कि प्रत्येक एक लक्ष्य होना चाहिए। और शिक्षको के द्वारा बताये मार्ग पर चलकर लक्ष्य को प्राप्त करें। इस दौरान स्कूल में मुख्य रूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह व स्कूल की प्राचार्या ए बी केरकेट्टा ने कहा कि माता पिता के साथ-साथ शिक्षको का भी आदर और सम्मान छात्र जरूर करें। इस दौरान शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

## प्रकृति पर्व करमा ढोल मंदर के थाप पर हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** प्रकृति पर्व करमा ग्रामीण क्षेत्र के सभी अखाडों मे आपसी प्रेम भाईचारे के साथ हर्सोल्लास पुर्वक सम्पन्न हुआ। करमा पुजा के अवसर पर करम अखाड़ा बारीडीह, आनंदी, झीरी, ओरमांझी, गुडू, पांचा, चेतनबारी और चाडू, नगडू सहित क्षेत्र के पूरे प्रखंड में ढोलक के थाप पर संपन्न हुआ। करमा पर्व भाइ-बहनों के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व करमा के अवसर पर होने वाले करमा पूजा में बहनों ने अपने भाइ के सुख समृद्धि और दीघार्यु होने की कामना करम देवता से की। करमा पर्व हिन्दू पंचांग के भादों माह की एकादशी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर करमैतीन दिन भर उपवास के पश्चात संध्या बेला मे फुल लोरहने जाती है और करमा अखडा मे पाहन पुजारी के द्वारा करमा डाली गाड कर उसका विधिवत पूजा अर्चना किया जाता हैं।करने के बाद अखरा बंधना करके ढोलक के थाप पर करमा गीत गा कर झुमर नाचती है।

# यहां चलने को रोड मिल जाये तो क्या बता!


**रौशन कुमार**

**रांची।** यह नजारा है सांसद आदर्श ग्राम सिमलिया का। रांची मुख्यालय से सिमलिया की दूरी मात्र 8-9 किमी. है और रिंग रोड, दलादली चौक से 01-1.5 किमी.। यह सड़क मेजर कोठी से रिंग रोड को जोड़नेवाली मुख्य सड़क है। सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन होता है। इस सड़क में आपको चलने के लिए रोड मिल जाये और बिना दुर्घटना के शिकार हुए आप अपने गंतव्य तक पहुंच जायें तो आप बड़े ही किस्मत वाले हैं। ऐसा हम नहीं वहां के स्थानीय लोग कह रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर हर दिन कोई न कोई दुर्घटना होती रहती है। लोगों में इसे लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कई बार सड़क बनाने को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर विधायक-सांसद तक गुहार लगा चुके हैं, बावजूद आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

सिमलिया, नयाटोलीवासी अजय जायसवाल, संजय कुमार, ब्रजेश प्रसाद, खुशियाल साहू, प्रफुल्ल सिंह, प्रेमचंद ठाकुर, आरबी राय, कार्तिक सिंह,पंकज शर्मा, कुंदन वर्मा, प्रवीण सिंह सहित अन्य लोगों का कहना है कि इस सड़क में सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढे हैं। बारिश के दिनों में गड्ढ़े में पानी भर जाने के कारण सड़क तालाब सा प्रतीत होता है। पता ही नहीं चलता कि सड़क में तालाब बना हुआ है या तालाब में सड़क है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत के बाद भी सड़क नहीं बन पा रही है। बड़े-बुजुर्गों के साथ स्कूली बच्चों को भी आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलना भी मुश्किल है। लोगों ने कहा कि इस सिमलिया पंचायत को आदर्श ग्राम योजना के तहत 26 जून 2022 को राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार और प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा गोद लिया गया था जिसका उद्घाटन समारोह 26 जून 2022 को इसी क्षेत्र में किया गया था। पर, अफसोस की बात है कि इसके बावजूद परिस्थितियां जस की तस बनी हुई है।



### ग्रामीणों ने कहा -



> नयी टोली की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। बारिश के दिनों में गड्ढ़ो में पानी भर जाने के कारण सड़क बिल्कुल तालाब सा प्रतीत हो रहा है। अभी मैं गिरते-गिरते बचा हूं।
>
> **- महेंद्र कुमार, स्थानीय।**



> सड़क खराब होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में घुटना भर पानी जमा हो जा रहा है। जिससे आवागमन में खासा परेशानी होती है। कोई न कोई वाहन रोज दुर्घटना का शिकार होता है।
>
> **- ब्रजेश प्रसाद, स्थानीय।**

### पैदल चलना भी मुश्किल, लोगों का जीना हुआ मुहाल : सुनील



**इस** बाबत राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि रातू, रिंग रोड में ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी का फॉर्म हाउस है। जिसके कारण आसपास के भूमि पर सभी वर्गों के लोगों ने बड़े ही उत्साह से अपना आशियाना बनाया। लोगों को उम्मीद थी कि धोनी के क्षेत्र में रहने-बसने से उन्हें यहां तमाम तरह की सुविधाएं मिलेगी, परंतु मुहल्लेवासी सड़क नहीं बनने के कारण आज निराश और हताश हैं। उन्होंने कहा कि सड़क खराब होने का सबसे बड़ा कारण सड़क की क्षमता से कई गुना अधिक भारी वाहनों का परिचालन होना है। उन्होंने कहा कि जहां लोग सड़क खराब होने के कारण गर्मी के दिनों में धूल उड़ने से परेशान रहते हैं, वहीं बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने के कारण पैदल चलना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने विधायक-सांसद, ग्रामीण विकास विभाग व पथ परिवहन विभाग के मंत्री से मांग की है कि क्षेत्र के लोगों की समस्या को देखते हुए रिंग रोड धोनी फॉर्म हाउस के पास से सिमलिया, जोजो नगर तक सड़क सुदृढ़ करायी जाये, ताकि आम लोगों के साथ स्कूली बच्चें भी बिना किसी परेशानी के आवागमन कर सकें।





> बारिश के दिनों में सड़क की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण समय पर बच्चों को स्कूल पहुंचाना बड़ी चुनौती है। इसके अलावा घर के साग-सब्जी जैसे जरूरी सामान लाने के लिए बाजार जाने में काफी असुविधा होती है।
>
> **- रूबी सिंह, समाजसेवी।**

## बीवोक इन ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डायटेटिकस प्रोग्राम का आयोजन

# श्रुति केरकेट्टा को एनआईएम पीजी प्रवेश परीक्षा में मिली सफलता

**नवीन मेल संवाददातपा**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के बीवोक इन ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डायटेटिकस प्रोग्राम में पास आउट छात्रा श्रुति केरकेट्टा को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पीजी प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिली है। उन्होंने 2019-20 सत्र में बीवोक इन ह्यूमन न्यूट्रीशन एंड डायटेटिकस की अहर्ता प्राप्त की है। उनका ओजीपीए अंक 7.709/10.000 था। पाठ्यक्रम समन्यवयक डॉ रेखा सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएम), हैदराबाद में एप्लाइड न्यूट्रीशन व स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन विषय पर एमएससी एवं पीएचडी प्रोग्राम चलाये जाते है। एनआईएम द्वारा हरेक वर्ष अखिल भारतीय स्तर पर पीजी प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाता है। पीजी प्रोग्राम में सीटों की कुल संख्या 40 मात्र है। एसटी छात्रा श्रुति केरकेट्टा को संस्थान के एमएससी इन न्यूट्रीशन (एप्लाइड न्यूट्रीशन व स्पोर्ट्स इ न्यूट्रीशन) प्रोग्राम में नामांकन का अवसर मिला है। काउसेलिंग होने पर वो नामांकन कराएंगी। इसी तरह सत्र 2020-21 की अहत्तार्धारी एसटी छात्रा संधाना कच्छप एवं अरुणा तिर्की को भी एनआईएम पीजी प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा - 2021 में सफलता मिली थी। लेकिन आर्थिक संकट की वजह से दोनों एसटी छात्राएँ नामांकन नहीं करा सकी। श्रुति केरकेट्टा ने नामांकन कराने का मन बनाया है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने श्रुति केरकेट्टा की सफलता को विवि के लिए गौरव का विषय बताया और उन्हें बधाई दी है।



## रामटहल चौधरी महाविद्यालय दडदाग में करमा महोत्सव का आयोजन

# करमा त्योहार झारखंड का महत्वपूर्ण त्योहार है : आदित्य साहु


**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी।** आरटीसी कालेज और एसपीभी विद्यालय दडदाग के तत्वावधान में करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। करम पुजा शिक्षक मानकी महेंद्र साही के द्वारा कराया गया। करमा महोत्सव में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहु ने कहा कि करमा त्योहार झारखंड का महत्वपूर्ण त्योहार है। करमैतीन जावा डाला में रखती है। इससे करमैतीन का कर्म दिखता है। करमा पर्व पवित्रता का पर्व है। करमा के दूसरे दिन युवा वर्ग के लोग शराब का सेवन करते हैं, उससे समाज को बचने की जरूरत है। समाज को दिशा देने वाले युवा वर्ग शराब से बचे। करमा पर्व महोत्सव समारोह के अध्यक्षता कर रहे राची के पुर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि कर्म ही धर्म है। कर्म जो अच्छा करेंगा उसका धर्म भी अच्छा होगा। यह भादो एकादशी के दिन करमा पूजा किया जाता है। करमा मे उगाने वाला जावा खेती का अनुमान लगाते हैं।

करमा पर्व खेती बारी करने के बाद अच्छी फसल की कामना से करम देव की पूजा अर्चना करते हैं। महोत्सव में मुख्य रूप से अध्यक्षता पुर्व सांसद रामटहल चौधरी, मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद , जिपस सरीता देवी, उपप्रमुख रीजवान अंसारी, पुर्व उपप्रमुख जयगोबिन्द साहु, मानकी राजेंद्र साही, अमरनाथ चौधरी, गोविंद लाल गुप्ता, रणधीर चौधरी, मोतीलाल महतो, तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद, डा. पारस नाथ महतो, डा0 भीम महतो, बीबी नीरज, प्रेमनाथ मुण्डा, धनीलाल महतो, राजेश्वर महतो, विजय कुमार चौधरी, शिवनाथ मुण्डा, मेघनाथ महतो सहित विद्यालय महाविद्यालय के छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे।



## उपप्रमुख ने महिलोंग में 70 किलो मेहंदी का वितरण



**नामकुम।** करमा पर्व के अवसर पर नामकुम उपप्रमुख वीणा कुमारी द्वारा महिलोंग पंचायत में विभिन्न अखड़ों में 70 किलो मेहंदी 530 पैकेट का वितरण किया गया। इस दौरान वीणा कुमारी ने बताया वे करमा पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष अपने पंचायत के जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क मेहंदी का वितरण किया जाता है। इस दौरान सभी अखड़ों महिलाओं से मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। उपप्रमुख ने कहा कि आज मेंहदी का रिवाज दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। हर कोई मेंहदी की खूबसूरती को दिखाना चाहता है। यह युवतियों का एक खास श्रृंगार बनकर रह गया है। आज कल ब्यूटी पार्लर में मेंहदी का प्रचलन काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है।

# एक दिन पूर्व ही करमा राजा गोसाईं की प्राचीन परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के पबिरा में भादो एकादशी के एक दिन पहले ही सोमवार की देर रात परम्परागत रूप से करमा की पूजा की गई । प्रकृति के पर्व करमा के मौके पर पारंपरिक गीतों .... भादो कर दशमी करम गडाय़ हो ..... चलू संगे अखरा सजाय हो ....... के साथ लापुंग प्रखंड के पबिरा गांव में प्रकृति और भाई बहनों के प्यार का पर्व करमा महोत्सव धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। पाहन और पुजार के संयुक्त नेतृत्व में पारम्परिक रूप से करमा पेड़ की डाली काटकर गाजा बाजा के साथ गांव के अखरा में लाया गया । अखरा में आदिवासियों और सदानों ने मिलकर करम राजा गोसाईं को गाड़कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की । प्रखंड के पबिरा गांव में भादो



एकादशी के एक दिन पूर्व ही की गई पूजा अर्चना । गांव के घरों के आंगन और अखरा में पारंपरिक रूप से पाहनों और पुजारियों ने करमा पूजा करने वाली बहनों को करमा धरमा नामक दो भाइयों की कथा सुनायी । धान,गेहूं, मकई, जौ, मटर, चना, मूंग, कुलथी और उरद के नौ प्रकार के रखे जावा,खीरा, अरवा चावल, रोडी, फल और फूलों तथा पुआ पकवान के साथ बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और खुशहाली के लिए करम राजा गोसाईं के रूप में करम डाल की पूजा अर्चना किया ।इसके पूर्व करम डाल को लाने वाले पाहन पुजार के पैरों को धोकर उनका स्वागत किया । पबीरा गांव में समाजसेवी बिरंची महतो तथा भुवंजय साहु की उपस्थिति में गांव के पहान सोमरा मुंडा, डोया मुंडा, पुजार गेला मुंडा, बुधू मुंडा, महतो राजकिशोर मुंडा, डिरा मुंडा ने बहनों को विधिवत पूजा-अर्चना कराई । इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में पूजा अनुष्ठान में हिस्सा लिया । फिर देर रात मांदर की थाप पर करमा पर्व के गीतों और नृत्य से अद्भुत समा बांधा गया।

# न्यूज गैलरी

## संत फ्रांसिस स्कूल व प्ले स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



**रांची।** संत फ्रांसिस पब्लिक स्कूल एवं नन्हें बचपन प्ले स्कूल में सोमवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन सम्मिलत रूप से किया गया। इसका आयोजन न्यू अमरावती कॉलोनी चुटिया में किया गया। प्राचार्य डी चार्ल्स ने स्वागत भाषण देकर सभी बच्चे एवं शिक्षकों को संबोधित किया। उप प्राचार्य अल्पना रंजन ने अपने आशीर्वचनों से बच्चों प्रफुलित किया। मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम विद्यालय के संचालक सह निदेशक रुपेश केसरी के सौजन्य से हुआ। उन्होंने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

## सिमडेगा में भाजपाइयों ने सरकार के प्रति जताया विरोध



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे के नेतृत्व में सिमडेगा हृदय स्थली महावीर चौक में सरकार दहन किया गया। मौके पर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे ने कहा आजादी के अमृत काल के शुभ मुहूर्त पर भारतीयों ने स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ मनाई। इस अवसर को गौरवान्वित बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के लिए हर घर तिरंगा अभियान की योजना लाई। जिसे देश के कई राजनीतिज्ञों, शिक्षाविदों एवं दर्शनशास्त्रियों ने अविस्मरणीय पल बताया। हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भारत के सभी क्षेत्रों में उत्साह एवं जोश देखा गया था। लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आजादी के जश्न को हम लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया। लेकिन यह बात झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रास नहीं आ रही थी। इस कार्यक्रम को लेकर वे इतने कुंठित हो गए थे कि आज उन्होंने विधानसभा के विशेष सत्र में हर घर तिरंगा अभियान पर अशोभनीय टिप्पणियां कर डाली। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, भाजपा कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद, नवीन सिंह, गजानंद बेसरा, सत्यनारायण प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी, फुल सुंदरी देवी, पिंकी प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, महेश साहू, मनीष कुजुर, धनश्याम केशरी, अंकित कुमार ,चंदन लाल एवं श्री लाल साहु सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

## अवैध कोयला कारोबार पर अंकुश को लेकर बड़ी कार्रवाई, दामोदर नदी के बीच नाव, स्कूटर और कोयला को पकड़ा

धनबाद। धनबाद जिले में कालूबथान पुलिस ने अवैध कोयला कारोबार पर बड़ी कार्यवाही की है। मंगलवार की सुबह ओपी क्षेत्र के कांटा पत्थर के दामोदर नदी मछली घाट पर छापेमारी कर एक नाव दो स्कूटर के साथ भारी मात्रा में कोयला जब्त किया है। ओपी प्रभारी मुकेश राउत ने बताया कि गुप्त सूचना के आधर पर छापेमारी की गयी है। उन्होंने बताया कि कारोबारी द्वारा नाव के सहारे कोयला को बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस को आते देख तस्कर नाव और कोयला छोड़ कर भाग खड़े हुए। ओपी पर प्रभारी ने कहा तुरंत पानी मे चालक रितेश साथ अन्य पुलिस बल के साथ उतरकर कोयला लोड नाव को नदी से खींच कर बाहर लाया गया। फिलहाल पुलिस नाव, स्कूटर और कोयला को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया है। ओपी प्रभार ने कहा क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध कोयले कारोबार को पनपने नही दिया जाएगा। इस दौरान एएसआई अमित एक्का साथ अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## लापुंग दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने अशोक साहु

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में इस वर्ष धुमधाम और हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनायी जाएगी। लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसमिति से पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नयी कमिटी का गठन किया गया । सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए अशोक साहु का चयन किया गया। वहीं नई कमेटी में उपाध्यक्ष के रूप में सुदामा महली सचिव विशेश्वर साहु एवं कोषाध्यक्ष श्यामा प्रसाद सिंह को चुना गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पुजा एवं दशमी के दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर चन्द्रमोहन ठाकुर, सोनु साहु, पंकज साहु, जसपाल साहु, संदीप साहु, सौरभ जैसवाल योगेश्वर साहू चरकु साहु, गोवर्धन जयसवाल, विजय सिंह, सत्यनारायण पाठक, इंद्रजीत राय, राम प्रसाद साहु, सुजीत कुमार, बिरेंद्र साहू सहित दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारिणी सदस्य तथा अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## सिल्ली पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस मनाया गया

**सिल्ली।** सिल्ली पॉलिटेक्निक में शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर विष्णु ब्रोतो चट्टोपाध्याय, प्राचार्य समीर शर्मा एवं अन्य शिक्षकों ने डॉक सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आयोजन को यादगार बनाया। सिल्ली पॉलिटेक्निक के पुर्व छात्र व रांची स्थित बेबी प्लांट के निदेशक? सौरव कुमार ने उपहार स्वरूप पौधा भेंट कर शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही प्रकृति के लिए वृक्षारोपण की महत्व को बताते हुए वृक्षारोपण के लिए आग्रह किया। वहीं उन्होंने अपने स्टार्टअप में मिले सफलता पर कालेज के शिक्षकों का आभार जताया। इस मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन, बोले डीसी

# सच्चे अर्थ में समाज के निर्माता है शिक्षक

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह समाहणालय सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपायुक्त विजया जाधव थीं। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिले के पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें अंजू कुमारी, सहायक शिक्षिका, बीपीएम +2 उच्च विद्यालय बमामाईंस, सुनील कुमार बेरा, प्रभारी प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मधुपुर, चाकुलिया, संजीव कुमार घोष, प्रभारी प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित उच्च विद्यालय केरूकोचा, चाकुलिया, शिव शंकर पोलाई, प्रभारी प्रधानाध्यापक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेजुरिया, चाकुलिया और राजेन्द्र कुमार कर्ण, प्रभारी



प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय लुपुंगडीह, जमशेदपुर-1 शामिल हैं। इन्हें जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों ने सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। पुरस्कार स्वरूप इन पांचों के खाते में 10-10 हजार रुपये भेजे जाएंगे। इनके अलावा पंचायत निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्य विद्यालय, डोभापानी जमशेदपुर के शिक्षक ओपी सिंह को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उपायुक्त विजया जाधव ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चित ही आप 5 शिक्षकों ने अन्य शिक्षकों के लिए एक लकीर खींची है जिससे यह सम्मान दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक सच्चे अर्थ में समाज के निमार्ता हैं। हर व्यक्ति के जीवन में शिक्षकों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इनके द्वारा दी गई शिक्षा से बच्चे जो सीखते हैं वही अपने जीवन में उतारते हैं। इसलिए समाज में शिक्षकों का स्थान सबसे ऊंचा है।

### डीईओ ने दी चयन प्रक्रिया की जानकारी

इससे पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) निर्मला बरेलिया ने सम्मान पाने वाले शिक्षकों की चयन प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष शिक्षकों को उनके योगदान, नवाचार, बच्चों के रिजल्ट की बेहतरी के लिए किए गए कार्यों के आधार पर सम्मानित किए जाने का प्रावधान है। इसके लिए सर्वप्रथम प्रखंड स्तर से प्रस्ताव जिला को प्राप्त होता है। इसके बाद जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति जिसमें डीडीसी, डीईओ, डीएसई, डीडब्ल्यूओ, शिक्षा विभाग के एसडीओ और दो वरीय प्रधानाध्यापक शामिल हैं, के द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों का चयन किया जाता है। इस वर्ष 5 शिक्षकों का चयन किया गया जिसमें चाकुलिया प्रखंड के तीन एवं जमशेदपुर प्रखंड से दो शामिल हैं।

# पुलिस ने खोये हुए तीन मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** जिला प्रशासन की ओर से दिये गये निर्देश के तहत मंगलवार को बेड़ो थाने में थाना दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता व शिवनाथ रंजन द्वारा कई मामलों का समाधान किया गया।मौके पर बेड़ो थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में खोए हुए तीन मोबाइल फोन बरामद कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मोबाइल के मालिकों अनिल मिंज,पतरस लकड़ा व अलुईस तिर्की को सौंप दिया है। खोए हुए मोबाइल जैसे ही मालिकों को मिले वे खुश हो गए। उनका कहना है कि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि उनका मोबाइल वापस भी मिल सकता है।

मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए वरीय पुलिस के एक टीम गठित की गई।टीम बनाने के बाद सभी थाना प्रभारियों के सहयोग से तकनीकी अनुसंधान के जरिए



विभिन्न जगहों से ये मोबाइल जिन्हें मिले थे, उनके पास से बरामद कर लिए गए। मोबाइल बरामद करने के बाद थाना प्रभारी ने थाना में बुलाकर जिनका मोबाइल फोन था, उन्हें खोया हुआ मोबाइल फोन वापस दिया गया। वही थाना प्रभारी ने कहा अपनी जरूरी व कीमती सामान को संभाल कर रखे। मोबाइल फोन गुम होने पर कोई इसका दुरुपयोग भी कर सकता है। मोबाइल फोन चोरी होने पर इसकी शिकायत संबंधित पुलिस थाने में जरूर दर्ज करवाएं।

# बच्चों का झगड़ा शांत कराने गयी महिला पर दुकानदार ने फेंका तेजाब

नवीन मेल संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड में अपराध एसिड अटैक ऐसी घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला गोड्डा जिले के महागामा प्रखंड क्षेत्र के भांजपुर गांव में हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भांजपुर गांव में सोने और चांदी की दुकान चलाने वाले आलोक साह ने पड़ोस में ही रहने वाली अफरोजा खातून पर एसिड फेंक दिया। इस एसिड अटैक की घटना में कई अन्य लोग भी झुलस गये। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया गया है कि बच्चों के बीच किसी मामूली बात को लेक हुआ आपसी झगड़ा बढ़ गया। आलोक साह की दुकान के सामने ही दोनों पक्ष आपस में उलझ गये। इस दौरान बीच-बचाव

### महिला झुलसी, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

करने पहुंची अफरोजा खातून पर आलोक ने गुस्से में आकर एसिड की बोतल फेंक दी। जिससे अफरोजा बुरी तरह से जख्मी हो गयी। वहीं उसके आसपास खड़ी गुलबसा खातून, बतूरण बीवी और दो बच्चे मो अबू व मेहताब को भी एसिड के छींटे लगे। सभी घायलों को महागामा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी घायल भांजपुर गांव के ही रहने वाले हैं।

इधर महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह रांची से पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना से इस मामले में बात की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की घायलों के बेहतर इलाज के लिए सिविल सर्जन से भी बात की।

### बेड़ो में धूमधाम से मना करम पर्व

# भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनों ने करम डाली में बांधा रक्षा सूत्र, मांगा आशीर्वाद

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** भाई-बहन का अगाध प्रेम , प्रकृति व आस्था का पर्व करम मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इधर शाम को बेड़ो, जरिया, बारीडीह, महुगांव, करांजी, पुरियो, तुको,दिघिया व केशा समेत दर्जनों गांवों के अखरा में पहान की अगुवाई व घर के आंगनों में करम डाल की स्थापना कर भक्ति भाव से भगवान कर्म देव की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही बहनों ने भाई की सलामती और प्यार को अक्षुण्ण रखने के लिए निर्जला व्रत रखा। बेड़ो अखड़ा में बुधवा



पहान द्वारा पूरे विधि विधान से करम डाली को गाड़ा गया। जिसके समक्ष बैठकर व्रतियों ने करमा धरमा दो भाई बहन की कहानी सुनीं। वहीं भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनों ने करम डाली में रक्षा सूत्र बांधा।आदिवासी समाज के साथ-साथ सदानों ने भी प्रकृति पर्व पर पूजा-अर्चना कर बेहतर फसल, सुख-शांति व समृद्धि की कामना कर्म देव से किया। वहीं चार दिनों पूर्व लगाए गए अन्न में बड़ा-बड़ा जावा हो गया था। बांस व मिट्टी की डलिया में मिट्टी डालकर अन्न रखकर जमाये गए जावा की विशेष वार्षिक पूजा की गई।इधर घरों को सुंदर ढंग से सजाने के साथ-साथ अखड़ा और पूजा स्थल को भी सजाया गया। वहीं पूजा अर्चना के बाद रातभर गांव के अखरों में ग्रामीण ढोल,ढाक,मांदर व नगाड़ा की थाप व परंपरागत नाच गान थिरकते रहे।

## ब्राउन शुगर, नशीला पदार्थ और हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**गोड्डा।** झारखंड में गोड्डा जिले के मोतिया ओ पी क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन थाने की पुलिस के साथ ब्राउन शुगर ,नशीले पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसके पास एक कट्टा हथियार भी था। पुलिस अधिकारी ने बताया की गुप्त सूचनाओं के आधार पर पता चला कि निजाम अंसारी के पास नशीले पदार्थ हैं जो उनकी बिक्री करता है। सूचनाओं के आधार पर छापेमारी कर इस व्यक्ति को पकड़ा गया। छापेमारी दल में औषधि निरीक्षक भी शामिल थे। इसे अमड़ा कनौली नहर के पास पकड़ा गया। आरोपी के पास एक माचिस के डिब्बे में कई पुड़िया नशीले पदार्थ एवं एक प्लास्टिक के बैग में 04 ग्राम के लगभग ब्राउन शुगर पाया गया। इसके पास एक डिजिटल बैलेंस भी था. हथियार के अलावे उसके पास कुछ गोलियां भी पाई गईं । आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा जा रहा है।

## दुर्घटना में एक बच्चा गंभीर रूपसे घायल

**गिद्धौर/चतरा।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के पहरा रोड में मोटरसाइकिल दुर्घटना में उमेश साव का 10 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार घायल हो गया। जिसमें बालक का पैर टूट गया और वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे भाजपा नेता कपिल कुमार व मनोज कुमार कुशवाहा ने बालक को स्थानीय किलिनीक में इलाज करवाया, उसके बाद बेहतर इलाज के लिए मुखिया पति उपेंद्र दांगी हजारीबगा ले गये। बताया गया कि केंदुआ निवासी शिवकुमार दुबे पिता विजय दुबे गिद्धौर चौक से अपने घर जा रहा था। इसीबीच मोटरसाकिल अनियंत्रित हो बच्चे को अपने चपेट में ले लिया। जिससे बालक गम्भीर रुप से घायल हो गया।

### पीड़ियापोंछ में पुलिस-पब्लिक सद्भावना हॉकी मैच का शुभारंभ

# खेल से अपनत्व की भावना बढ़ती है: मनीष

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड अन्तर्गत पीड़ियापोंछ पारिस मैदान में मंगलवार से पुलिस-पब्लिक पुरुष एवं हॉकी मैच की शुरूआत हुई। थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डेय, जिला परिषद सदस्य अनिता सोरेंग, झारखण्ड पार्टी युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्देश एक्का ने संयुक्त रूप से डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मैच का उदघाट्न किया । सन्त जेवियर हाई स्कूल पीडियापोंछ का छात्र-छात्राओं ने रिकॉर्डिंग डान्स के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया । इस मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डेय ने कहा कि खेल से अपनापन बढ़ता है। खेल के माध्यम से युवाओं एवं ग्रामीणों से जुड़कर हर समस्याओं को समाधान करने की कोशिश किया जाता है । ग्रामीण बेहिचक पुलिस के साथ बात कर सकता है । झरखण्ड पार्टी युवा



मोर्चा अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि झारखण्ड पार्टी की ओर से खेल में भरपूर सहयोग किया जायेगा । जिला परिषद सदस्य अनिता सोरेंग ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया और सहयोग की अपील किया । मैच में वनदुर्गा क्लब एवं हाई स्कूल अवगा के बीच खेल शुरू हुआ । जिसमें शून्य - 01 गोल से अवगा के टीम को पराजित वनदुर्गा की टीम ने विजयी रहा । वहीं दूसरी ओर ठेठईटांगर टीम को हरा कर गायत्री क्लब उड़ीसा ने शून्य -एक गोल जीत हासिल किया । जबकि सिंगर कल्ब बेलकुबा ने टांगरगांव टीम को 4-- 5 गोल से मैच जीत लिया। मौके पर मैच को सफल बनाने के लिए जैनुल अंसारी, रामप्रसाद सिंह, रामदयाल प्रसाद, सुरेश मोदी, नॉवेल सोरेंग, फा बेन्जामिन डुंग डुंग, सतीश शर्मा, नारायण साव, प्रफुलित केरकेट्टा, कोमल केरकेट्टा, अब्राहम कुजूर, संतु सिंह एवं अन्य लोगों ने अपना योगदान दे रहे हैं।

# मुरतो आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में शिक्षक दिवस सह वार्षिकोत्सव मना

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** मुरतो गांव स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में शिक्षक दिवस सह वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य सेवानिवृत्त प्रो इंद्र मोहन राय विशिष्ट अतिथि महेंद्र महतो, अफिन्द्र महतो, योगेंद्र महतो, महावीर महतो,बालेश्वर सिंह, रामराज सिंह, महेश साहू, रामेश्वर खन्ना, विमल साहू उपस्थित थे। मौके पर स्कूल के निदेशक अभिजीत राज ने कहा कि शिक्षा से ही बेहतर समाज और आदर्श नागरिक का निर्माण हो सकता है। जिससे समाज में जागृति आयेगी और अंधविश्वास से छुटकारा मिलेगा। देश तरक्की करेगा और समाज में नये बदलाव होंगे। आदर्श स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहा है। वही बच्चों ने




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया। शिक्षकों के महत्व को उजागर किया। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रियंका राज, मुकेश राम,निशा कुमारी, अलुईस तिर्की, प्रियंका गुप्ता, सुनीता बड़ा, दीपिका खन्ना, सुशील तिर्की, जुलियाना टोप्पो,प्रिया गुप्ता व रूपा कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

# अल्फा एफसी पतराटोली ने पेनाल्टी शूटआउट में कैरो की टीम को 5-2 गोल से पराजित किया

नवीन मेल संवाददाता

**कैरो / लोहरदगा।** कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कारगिल शहीद को आज भी लोग नमन करते हैं। कारगिल युद्ध में विश्राम टाना भगत का अहम योगदान रहा था। भारत-पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध में लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड अंतर्गत एड़ादोन गांव निवासी विश्राम टाना भगत दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। कारगिल युध्द में जीत दिलाने के लिए विश्राम टाना भगत ने अपनी जान गंवा दी। उनके गांव एडादोन खेल मैदान में हर वर्ष कारगिल शहीद विश्राम टाना भगत फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



किया जाता है। सोमवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अल्फा एफसी पतराटोली बनाम पीएस कैरो के बीच खेला गया।जिसमें अल्फा एफसी पतराटोली ने पेनाल्टी शूटआउट में कैरो को 5-2 गोल से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। विजेता व उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।मौके पर पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल की भावना से प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है। खेल में हार जीत तो लगी रहती है। खेल भावना से खेलने वाला खिलाड़ी हार कर भी मायूस नहीं होता। मौके पर मौजूद प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि खिलाड़ी हार जीत की भावना से ऊपर उठकर खेलों को खेल भावना से खेलेंगे तो कामयाबी जरूर मिलेगी। खिलाड़ी अपना भविष्य का निर्माण खुद अपने बेहतर खेल के दम पर कर सकते हैं।नशापान से दूर रहें और बेहतर खेल एवं समाज का निर्माण करें। मौके पर सढाबे पंचायत मुखिया सुमित्रा उरांव,उप मुखिया जगबंधन भगत,पंसस सिमा भगत,केन्द्री सचिव अरविंद यादव,जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी,विश्वनाथ भगत,रौशन उरांव सहित हजारो की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# पुलिसिया दुर्व्यवहार को लेकर दीपक प्रकाश ने डीजीपी को लिखा पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** 27 अगस्त की रात चंदवा के प्रतिष्ठित व्यवसाई के साथ चंदवा और बालूमाथ पुलिस के द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने इस मामले में डीजीपी झारखंड को पत्र लिखकर सभी अभियुक्तों को बरी करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शनिवार की घटना के बाद रविवार को प्रतुल शाहदेव चंदवा पहुंचे थे और दुकानदारों के साथ मिलकर मार्च भी किया था। प्रतुल ने इस घटना की जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दिया जिसके बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने चंदवा पहुंचकर मामले की जानकारी ली। व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को एक ज्ञापन सौंपा। जिसके आलोक में राज्यसभा सांसद सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने पत्रांक सितंबर/82/2022 दिनांक 5/09/22 के माध्यम से डीजीपी झारखंड को पत्र लिखकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने का आग्रह किया है। पत्र में लिखा है कि इस कांड में निर्दोष दुकानदार के अलावे पत्रकार रविराज को भी अभियुक्त बना दिया है। जिसके बाद घटना की सूचना स्थानीय इंस्पेक्टर को दी गयी थी। पत्र में इस बात का भी जिक्र है कि पीड़ित के द्वारा दिये गए आवेदन पर अबतक किसी प्रकार की कार्रवाई नही की गई है। चंदवा थाना के एसआई दिव्य प्रकाश के द्वारा भयादोहन कर अनेक निर्दोष व्यवसायियों को नामजद अभियुक्त बनाना इनके स्वेच्छाचारिता को दशार्ता है। बता दे कि 27 अगस्त को बालूमाथ पुलिस किसी मामले में अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार करने आयी थी, जिसके बाद विवाद हुआ।

## न्यूज गैलरी

### गंगा घाट पर स्नान करने गये पिता-पुत्र की डूबने से मौत



**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर जिले में सुलतानगंज के अजगैबीनाथ गंगा घाट पर मंगलवार को गंगा में स्नान करने के दौरान डूबने से दो कांवरियों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने दोनों शवों को गंगा से बरामद कर लिया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों में गया के गुरारू थाना क्षेत्र निवासी अमरनाथ मिश्रा और विक्की मिश्रा है। दोनों मृतक पिता-पुत्र है। पुलिस ने परिजन को घटना की सूचना दे दी है। बताया जा रहा है कि अमरनाथ मिश्रा अपने छोटे बेटे विक्की मिश्रा के साथ देवघर जाने के लिए गया से सुल्तानगंज पहुंचे थे। सुल्तानगंज में दोनों अजगैबीनाथ घाट पर स्नान करने के लिए गंगा में उतरे थे। स्नान के दौरान गहराई का पता नहीं चलने पर दोनों बाप-बेटे डूब गए।

### गबन के मामले में एचएम को जेल

**बेतिया (एजेंसी)।** मैनाटांड़ ब्लॉक के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरदिया के प्रधानाध्यापक रह चुके ललन प्रसाद यादव को मानपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मानपुर थानाध्यक्ष सज्जाद गद्दी ने कमलानगर निवासी ललन प्रसाद यादव को जेल भेजने की पुष्टि की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार भारती के आवेदन पर प्रधानाध्यापक ललन प्रसाद यादव के विरुद्ध सरकारी राशि गबन करने के सुसंगत धाराओं के तहत चार जुलाई को थाना कांड संख्या 89/22 केस दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में प्रभारी बीईओ ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना बेतिया के पत्रांक 1427 दिनांक 23 मई के आदेश के आलोक में ललन प्रसाद यादव के विरुद्ध सरकारी राशि गबन करने के मामले की बात को कहा था। अनुसंधान उपरांत ललन प्रसाद यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### चार करोड़ की अफीम के साथ पूर्व प्रधान गिरफ्तार

**शाहजहांपुर (एजेंसी)।** कटरा पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त पूर्व प्रधान को गिरफ्तार किया है। पुलिस को पूर्व प्रधान के कब्जे से चार करोड़ की उच्च क़्वालिटी की अफीम बरामद हुई है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि थाना कटरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान थाना कटरा क्षेत्र के गांव रसेवन निवासी पूर्व प्रधान रामलडैते को सिउरा मोड़ के पास से मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को पूर्व प्रधान के कब्जे से उच्च क़्वालिटी की चार किलो ग्राम अफीम बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब चार करोड़ रुपये है। पूर्व प्रधान अफीम की खेती करने वाले कृषकों से अफीम खरीद कर पंजाब में अच्छी कीमत पर सप्लाई करता है। पूर्व प्रधान से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है।

### पैईन में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

**बिहारशरीफ (एजेंसी)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के नोमीन पूर गांव में मंगलवार की सुबह पैनी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। मृतिका नोमीनपूर गांव निवासी रामसूचित यादव चौदह साल की रानी कुमारी और बारह साल कीलक्ष्मी कुमारी है। बताया जाता है कि मंगलवार को कर्मा पूजा को लेकर मिट्टी और झाड़ लाने दोनों बहनें नदी के किनारे पैईन के समीप गयी थी। लौटने के क्रम में जब पैईन पार कर रही थी तो रानी का पैर फिसला गया और वह गहरे पानी में चली गई जब वह डूबने लगी तो लक्ष्मी उसे बचाने के लिए पानी में कुद गयी और दोनों बहनों की डूबने से मौत हो गई। घटना को देख पास खेत में काम कर रहे किसान दौड़े पैईन के पास बचाने पहुंचे लेकिन तबतक दोनों बहनें डूब चुकी थी और दोनों का शव पानी में उपला हुआ था। नगरनौसा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है।

### फतेहपुर में अंग्रेजी शराब की खेप बरामद, दो गिरफ्तार

**फतेहपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को फतेहपुर जिले के मलवां क्षेत्र में दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 55 लाख रुपए कीमत की 365 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कानपुर प्रयागराज राजमार्ग पर शौरा ओवर ब्रिज के नीचे हरियाणा की नंबर प्लेट वाले एक मिनी ट्रक की तलाशी ली और सेब की पेटियों के बीच छिपायी गयी 365 पेटियों से अंग्रेजी शराब की 11 हजार 136 बोतलें बरामद की। बरामद शराब का मूल्य 55 लाख रुपए से अधिक आंका गया है। इस सिलसिले में हरियाणा के भिवानी जिले के निवासी चालक संदीप सिंह और परिचालक रणजीत को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि रोहतक निवासी शराब तस्कर प्रदीप व ललित तेवतिया विभिन्न ब्राण्डो की अंग्रेजी शराब की तस्करी यूपी और बिहार में करते हैं जिन्होने शराब की खेप उन्हे मुजफ्फरपुर, बिहार में बेचने के लिये भेजी थी।

### सारण में व्यवसायी से 60 लाख रुपये की संपत्ति की लूट

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र से अपराधियों ने स्वणार्भूषण व्यवसायी से 60 लाख रुपए की संपत्ति लूट ली। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि उत्तरप्रदेश के बरेली जिला निवासी अभिलाष वर्मा सोमवार की देर रात जिले के नगर थाना क्षेत्र के साहेबगंज मोहल्ला के एक होटल से बाहर निकल कर ऑटो रिक्शा से से ट्रेन पकड़ने छपरा जंक्शन जा रहे थे इस दौरान भगवान बाजार थाना क्षेत्र में दारोगा राय चौक के समीप बोलेरो चालक ने ओवरटेक कर उन्हें रोक दिया। इसके बाद बोलेरो पर सवार चार लोगों ने हथियार का भय दिखाकर उनके बैग में रखे सोना और नकद समेत 60 लाख रुपए की संपत्ति लूट ली। सूत्रों ने बताया कि अपराधी, व्यवसायी अभिलाष शर्मा को बोलेरो में बिठाकर ले गये और उसे एक निर्जन स्थान पर छोड़कर फरार हो गये। इस सिलसिले में संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

# केवल बिहार नहीं, हम देश का मॉडल बनाने पर काम कर रहे हैं : नीतीश



**पटना (एजेंसी)।** देश भर के विपक्षी नेताओं को लामबंद करने की मुहिम में लगे बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यू के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार ने कहा है कि वह विपक्षी दलों के साथ मिलकर देश में शासन का मॉडल बनाने पर काम कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं को विश्वास में लेने के अभियान पर सोमवार को यहां पहुंचे श्री कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात के बाद मंगलवार को यहां भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी राजा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मीडिया से मुखातिब हुए श्री कुमार ने एक बार फिर कहा कि वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार नहीं हैं और न ही इसकी इच्छा रखते हैं। श्री राजा ने जद यू द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का साथ छोड़े जाने का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार के मॉडल का प्रभाव समूचे देश पर पड़ता है और इसके दूरगामी राजनीतिक परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि सभी दलों को एकजुट होना चाहिए जिससे कि भाजपा को परास्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में हम नीतीश जी के साथ हैं। एक सवाल के जवाब में श्री कुमार ने कहा कि बिहार मॉडल क्या है हम देश में शासन का मॉडल बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। श्री कुमार ने कहा कि यदि वाम दल, क्षेत्रीय दल और कांग्रेस एक साथ आ जाये तो यह बहुत बड़ी बात होगी। श्री येचुरी ने कहा कि श्री कुमार का वामदल के पास आना देश में राजनीति के लिए सकारात्मक संकेत है। सभी विपक्षी दलों को मिलकर देश तथा संविधान को बचाना होगा। श्री कुमार ने श्री गांधी से मुलाकात के बाद सोमवार को ही जनता दल एस के नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के साथ भी बातचीत की थी।

## मुख्यमंत्री ने अपनी पहचान खो दी : आरसीपी सिंह



**पूर्व केंद्रीय** मंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे आरसीपी सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के तीन दिवसीय दिल्ली दौरे पर कहा कि नीतीश कुमार ने अपनी पहचान खो दी है। अब उम्र का असर होने लगा है। उस कांग्रेस से हाथ मिलाने गए हैं, जिन्होंने जेपी पर लाठी चलवाई थी। आरसीपी ने विपक्षी एकता पर भी कटाक्ष किया है। साथ ही पीएम नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व की सराहना की। आरसीपी सिंह मंगलवार को दिल्ली से पटना लौटने पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं किसी के एजेंट नहीं हैं। जहां भी रहते हैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करते हैं। संगठन के आदमी हैं। लोगों से मिल रहे हैं। जो भी निर्णय लेंगे वह बिहार के हित में होगा। मेरे लिए सारे रास्ते खुले हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारा बैकग्राउंड पता है न...? आपका क्या बैकग्राउंड है आप जानें....। आरसीपी सिंह मुख्यमंत्री की भाषा पर भी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि वे अपनी संयमित भाषा के लिए जाने जाते थे लेकिन आज किस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। पार्टी की बैठक में तुम-तड़ाक वाले लहजे में बोल रहे हैं। यह दशार्ता है कि उनपर उम्र हावी हो गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश ने बिहार को गर्त में धकेल दिया है। पूरा दक्षिण बिहार सुखाड़ की चपेट में है। मुख्यमंत्री को वहां जाना चाहिए था लेकिन वे दिल्ली घूम रहे हैं। किसान पस्त और आप दिल्ली में मस्त हैं। विपक्ष को एकजुट करने के नीतीश कुमार के प्रयास पर उन्होंने कहा कि यह विपक्षी नहीं पक्षी एकता है। कोई पक्षी जमीन पर, कोई आसमान में, कोई पेड़ पर रहते हैं। यही हाल विपक्ष का है। केसीआर आए थे हुआ क्या।

जन अधिकार पार्टी (लो) का मंथन सह प्रशिक्षण शिविर शुरू

## कांग्रेस के बिना विपक्ष का कोई औचित्य नहीं : पप्पू यादव

**पटना (एजेंसी)।** जन अधिकार पार्टी (लो) का तीन दिवसीय मंथन सह प्रशिक्षण शिविर मंगलवार से बोध गया में शुरू हो गया। इससे पूर्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि आज कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के बगैर विपक्षी एकता का कोई औचित्य नहीं है। तीसरे मोर्चे का भी कोई मतलब नहीं है। उन्होंने पटना में पत्रकारों से वार्ता में कहा कि हम पहले भी विपक्ष की भूमिका में थे और आज भी विपक्ष की भूमिका में हैं। हम सिर्फ एक सकारात्मक सोच के साथ बढ़ रहे हैं कि हमारे लिए सबसे जरूरी है बिहार और बिहारी। हमारी प्राथमिकता है कि सीटेट के अभ्यर्थियों को नौकरी मिले, युवाओं को रोजगार मिले और राज्य में सुशासन ऐसे ही चलता रहे। भाजपा के जो लोग राज्य में अपराध की बात करते हैं उनकी पार्टी में सबसे अधिक अपराधी हैं। पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राहुल गांधी से मुलाकात के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 2024 के बाद से अगर देश के युवाओं को नौकरी देनी है, किसानों को आमदनी देनी है, महिलाओं को सम्मान दिलाना है और देश के लोकतंत्र को बचाकर रखना है तो बिना किसी पद के सभी को एकजुट होना होगा। जो ये कहते हैं कि कांग्रेस को छोड़कर बीजेपी को हराएंगे वो भाजपा की बेटी है। उसपर भरोसा नहीं करना चाहिए। नीतीश कुमार ने बड़ा संकल्प लिया कि प्रधानमंत्री बनना जरूरी नहीं है, इस देश को बचाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आरसीपी सिंह अटल, आडवानी, मुरली मनोहर जोशी जैसे तमाम कद्दावर नेताओं को हाशिए पर धकेलने वाले नेता के भरोसे बैठे हैं। शिवराज चौहान भाजपा में एकमात्र पिछड़ा मुख्यमंत्री हैं। इसके अलावा एक भी दलित-पिछड़ा मुख्यमंत्री नहीं है। उल्टा दलित-आदिवासी नेताओं को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों को नीतीश कुमार को आइना दिखाने का हक नहीं है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने राजनीतिक जीवन में दो सबसे बड़ी गलतियां कीं।

## चुनावी हिंसा मामले में तृणमूल विधायक परेश पाल से सीबीआई दफ्तर में पूछताछ शुरू

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में पिछले साल संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद राज्य भर में भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ हुई हिंसा से संबंधित घटनाओं की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कोलकाता के कांकुरगाछी से तृणमूल कांग्रेस के विधायक परेश पाल से पूछताछ शुरू की है। विधानसभा चुनाव के बाद कांकुरगाछी में भाजपा कार्यकर्ता अभिजीत सरकार को पीट-पीटकर मौत के घाट उतारने के मामले में केंद्रीय एजेंसी ने परेश को तलब किया था। उसी के मुताबिक मंगलवार सुबह दस बजे परेश पाल सीजीओ कंपलेक्स स्थित केंद्रीय एजेंसी के दफ्तर में पहुंचे। यहां मीडिया कर्मियों ने उनसे बात करनी चाही लेकिन वे बिना कुछ बोले दफ्तर के अंदर चले गए। सीबीआई सूत्रों ने बताया है कि उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। अभिजीत सरकार की हत्या के



संबंध में जिन लोगों की गिरफ्तारी हुई है अथवा जो लोग भी नामजद हैं वे सारे परेश पाल से संबंधित हैं। परिवार ने आरोप लगाया है कि परेश पाल के निर्देश पर ही अभिजीत सरकार की पीट-पीटकर हत्या हुई। अभिजीत के बड़े भाई विश्वजीत ने यह भी आरोप लगाया था कि सीबीआई की टीम मामले में निष्पक्ष जांच नहीं कर रही और परेश पाल के खिलाफ जानबूझकर कड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## अभियान की अभूतपूर्व सफलता के मूल में हमारे कार्यकर्ता शामिल : उमेश सिंह

### जदयू के स्वैच्छिक सहयोग राशि संग्रह अभियान के तहत सौंपा चेक

**पटना (एजेंसी)।** जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने मंगलवार को पार्टी के स्वैच्छिक सहयोग राशि संग्रह अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ की उपस्थिति में चेक सौंपा। इस अभियान की अपार सफलता पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ समेत दल के सभी साथियों को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि जदयू के स्वैच्छिक सहयोग राशि संग्रह अभियान की अभूतपूर्व सफलता के मूल में हमारे कार्यकर्ता हैं। सही मायने में यह कार्यकताओं का अभियान है। बिहार के साथ अन्य राज्यों में भी इस अभियान को जैसी सफलता मिली उससे साफ है कि हमारे कार्यकर्ता जनता दल (यूनाइटेड) को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में और अपने नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय भूमिका में देखना चाहते हैं। सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा कि जदयू के इस अभियान ने एक बड़ा संदेश देने का काम किया है। पार्टी की सभी जिला इकाइयों ने और संगठन के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने इस अभियान की सफलता के लिए जैसी एकजुटता का परिचय दिया है। इससे साफ है कि हमारी पार्टी बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है। कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि यह अभियान अभी जारी रहेगा लेकिन मेरी सबसे अपील होगी कि अभी बिहार के कई जिले बाढ़ और सूखे की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि उन जिलों में हम अपने सामाजिक दायित्व को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं के अब तक के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संग्रह अभियान के साथ ही पार्टी के सदस्यता अभियान को भी गति देते चलें।

### प्रयागराज में बारजा गिरने से तीन की मौत, कई गम्भीर

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज में मुट्ठीगंज थाना अंतर्गत हटिया पुलिस चौकी के पास एक जर्जर मकान का बारजा गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों को चार-चार लाख देने और घायलों का नि:शुल्क उपचार कराने का निर्देश दिया है। मंगलवार की दोपहर बारिश के दौरान कुछ लोग बचने के लिए बारजा के नीचे खड़े हो गए, लेकिन तेज बारिश के दौरान बारजा गिर जाने से एक दर्जन से अधिक लोग मलबे में दब गये। घायलों को आनन-फानन में स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां तीन लोगों की मौत की एवं छह लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है। अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है।

### भाजपा विधायक अरविंद गिरि के निधन पर राज्यपाल ने जताया शोक

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक अरविंद गिरि के निधन पर शोक व्यक्त किया है। गिरि का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 65 वर्ष के थे। राजभवन से जारी बयान के अनुसार राज्यपाल ने गिरि के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। गौरतलब है कि सोमवार को तड़के गिरि को दिल का दौरा पड़ने के बाद इलाज के लिये लखनऊ लाया जा रहा था, तभी रास्ते में उनका निधन हो गया। वह लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक चुने गये थे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी लोकप्रिय भाजपा विधायक अरविंद गिरी के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक बयान में महाना ने दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि गिरी के निधन से जनपद लखीमपुर सहित प्रदेश की राजनीति में अपूरणीय क्षति हुई है।

## सीएम भूपेश बघेल का अनुसूचित जातियों के हित में बड़ा फैसला

**रायपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनुसूचित जाति वर्ग के हित में तत्परता से कार्यवाही एवं उनसे संबंधित नीति विषयक मामलों में अनुशंसा के लिए अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद् के गठन का निर्णय लिया है। इस परिषद के गठन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति वर्ग की बेहतरी और उनके जीवन स्तर में तेजी से सकारात्मक बदलाव लाना है तथा उन्हें शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। इस परिषद् के गठन से राज्य में अनुसूचित जाति वर्ग के हित में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए सार्थक सलाह-मशविरा मिलने के साथ ही बेहतर मॉनिटरिंग हो सकेगी। परिषद् की अनुशंसा के आधार पर शासन-प्रशासन को अनुसूचित जाति वर्ग की बेहतरी के लिए आवश्यक सुधार के फैसले लेने में मदद मिलेगी। परिषद् में इस वर्ग के चुने हुए प्रतिनिधि सदस्य समाज की स्थिति एवं समस्याओं के निराकरण में सहभागी बनेंगे। इससे अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याणकारी कार्यक्रमों के संचालन में आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति से संबंधित विषयक पर अनुशंसा के लिए छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद का गठन पूर्व में ही हो चुका है। इसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति सलाहकार परिषद का गठन किए जाने प्रक्रिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शुरू कर दी गई है। इस परिषद् में वर्ग विशेष की समस्या, आवश्यकता पर विचार किया जाएगा। वहीं अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण संबंधी निर्णय लिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे तथा भारसाधक मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। परिषद में कुल 20 सदस्य होंगे, जिनमें राज्य विधान सभा में अनुसूचित जाति के कम से कम 05 निर्वाचित सदस्य होंगे तथा शेष सदस्य राज्य शासन द्वारा मनोनीत होंगे। भारसाधक सचिव छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग इस परिषद् के सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

## ब्रजेश पाठक ने जौनपुर जिला अस्पताल के तीन फार्मासिस्ट को किया निलंबित

### सीएमएस के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश

**जौनपुर (एजेंसी)।** उप्र के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जौनपुर के सीएमएस के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई और तीन फार्मासिस्ट को निलंबित करने का निर्देश भी दिया है। उपमुख्यमंत्री ने यह कार्रवाई करंजकला ब्लॉक में 4 जून को छापेमारी के दौरान निजी मेडिकल स्टोर के गोदाम में सरकारी दवाइयां मिलने के मामले में की है। स्वास्थ्य मंत्री के इस निर्देश से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गई है। पूर्व एसडीएम सदर हिमांशु नागपाल ने छापेमारी कर गोदाम से सरकारी दवाइयां बरामद की थी। तत्कालीन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने 4 जून को 2022को छापेमारी में लगभग 12 लाख रुपये की सरकारी दवा पकड़ी थी। इन दवाइयों के पैकेट पर "नॉट फॉर सेल" लिखा हुआ था। जून में हुई छापेमारी के दौरान पकड़ी गई थी दवाइयों में से अधिकांश दवाई जुलाई के महीने में एक्सपायर होने वाली थी। हिमांशु नागपाल ने मीडिया को बताया था कि जिसके पीछे बड़ा रैकेट हो सकता है। इस मामले में तीन फार्मेसिस्ट की संलिप्तता सामने आई थी। सरायख्वाजा थाने में धारा 419, 420 और 120 बी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले में जांच की कमान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने संभाली थी। जांच के दौरान जिला चिकित्सालय में कार्यरत कक्ष संख्या 21 के मुख्य फार्मासिस्ट संजय सिंह, ओपीडी काउंटर के मुख्य फार्मासिस्ट वीरेंद्र मौर्य और काउंटर संख्या 20 के मुख्य फार्मासिस्ट अखिलेश उपाध्याय का नाम सामने आया था। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा स्पष्ट किया गया था कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड और जांच में तीनों की भूमिका स्पष्ट हो गई। जांच रिपोर्ट में हिमांशु नागपाल ने जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ अनिल कुमार शर्मा को भी जमकर लताड़ लगाई थी। उन्होंने कहा था कि सीएमएस अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं। अगर सीएमएस सतर्क होते तो दवाइयों की कालाबाजारी को रोका जा सकता था। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की लापरवाही तय करते हुए हिमांशु नागपाल ने कहा था कि सीएमएस नियंत्रण नहीं रखते हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को 3 फार्मासिस्ट और सीएमएस के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

## उप्र विस का मानसून सत्र 19 से, कैबिनेट बैठक की मुहर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने विधानसभा का प्रस्तावित मानसून सत्र आगामी 19 सितंबर से आहूत कराने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुयी मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और शहरी विकास मंत्री अरविंद शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मंत्रिपरिषद ने विधानसभा का मानसून सत्र 19 सितंबर से बुलाने के लिए निर्णय लिया है। इस प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये राज्यपाल के समक्ष निवेदन भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें कृषि विभाग के 03 महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी शामिल हैं। शाही ने बताया कि किसानों को कीट रोग नियंत्रण योजना का लाभ अगले पांच साल तक दिये जाने को मंजूरी दी गयी है। सरकारी आंकड़ों के



मुताबिक प्रदेश में फसलों को प्रतिवर्ष खरपतवार की वजह से 15-20 प्रतिशत क्षति होती है। इसके अलावा फसली रोगों से 26 प्रतिशत, कीटों से 20 प्रतिशत, भंडारण से 7 प्रतिशत, चूहों से 6 प्रतिशत और अन्य कारकों से आठ प्रतिशत क्षति होती है। शाही ने कहा कि इस क्षति को कम किये जाने के लिए कीट रोग नियंत्रण योजना को अगले 5 वर्ष (2022-23 से 2026-27 तक) तक के लिये बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस पर अगले 5 वर्ष में 192 करोड़ 57 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि व्यय की जायेगी। शाही ने बताया कि मौजूदा वित्तीय वर्ष में इस योजना 34 करोड़ 17 लाख रुपये व्यय किये जायेंगे। इससे किसानों को कीट रोग नियंत्रण के लिये लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि फसलों को सुरक्षित रखे जाने हेतु 2, 3 और 5 क्विंटल की बखारी भी 50 प्रतिशत के अनुदान पर किसानों को उपलब्ध करवाई जायेगी। साल 2022 से 2027 तक इस योजना के दायरे में 41 लाख 42 हजार किसानों को शामिल किया जायेगा। शर्मा ने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में नगर विकास विभाग के 12 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। उन्होंने बताया कि 04 नये नगर पंचायत के गठन प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। इनमें कुशीनगर जिले की मथौली, देवरिया जिले की हेतिमपुर, अयोध्या जिले की मां कामाख्या और फरुर्खाबाद जिले की संकिसा नगर पंचायत के गठन को मंजूरी दी गयी है। इसके साथ ही प्रदेश में अब नगर पंचायतों की कुल संख्या 756 हो गयी है। शर्मा ने बताया कि बैठक में देवरिया नगरपालिका परिषद और अलीगढ़ नगर निगम का सीमा विस्तार किये जाने के प्रस्ताव पर भी मोहर लगायी गयी है। इसके अलावा प्रदेश की कुछ नगर पंचायतों के सीमा विस्तार को मंत्रिपरिषद की मंजूरी दी गयी है। इनमें बांदा की बिसंडा, बाराबंकी की रामनगर, शाहजहांपुर की अल्हागंज, कुशीनगर की रामकोला, लखीमपुर खीरी की धौरहरा और फरुर्खाबाद की कंपिल के विस्तार को मंजूरी दी गयी है।

## सीमांचल में गृह मंत्री का दौरा, मंत्री शाहनवाज ने की तल्ख टिप्पणी



**अररिया (एजेंसी)।** सीमांचल में गृह मंत्री अमित शाह के दो दिवसीय दौरे को लेकर बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री शाहनवाज आलम ने मंगलवार को यहां अपनी तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि सीमांचल गंगा जमुनी तहजीब की धरती शुरू से रही है और सीमांचल में बने आपसी सौहार्द्र और शांति को बिगाड़ने का जो कोई भी कोशिश करेगा,उसे यहां की जनता माकूल जबाब देगी। अररिया में पत्रकारों से बातें करते हुए शाहनवाज आलम ने कहा कि अररिया,पूर्णिया और किशनगंज का इलाका अमन शांति पसंद लोगों का रहा है और समय-समय पर सौहार्द्र बिगाड़ने वाले साम्प्रदायिक तत्वों को मुहतोड़ जबाब देने का काम किया है और अमन-चैन बिगाड़ने की कोशिश हुई तो उसका जबाब दिया जायेगा। उन्होंने सीमांचल समेत पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर अलग केंद्र शासित प्रदेश निर्माण के हो रहे चर्चे को लेकर कहा कि नेपाल और बांग्लादेश सीमा से छूने वाले सीमांचल में बदहाली,बेरोजगारी और महंगाई मुद्दा होना चाहिए और ये सब उलूल-जुलूल और मूल समस्याओं से भटकाने वाली बाते हैं। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर 23 सितम्बर को पूर्णिया आ रहे है,जहां 23 सितम्बर को पूर्णिया में और 24 सितम्बर को किशनगंज में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

